


नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 08 अगस्त , 2025
09


## एक नजर में

### 11 तक मनेगा विश्व जनसंख्या माह

**उज्जैन।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देवे हुवे बताया गया कि 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई से 11 अगस्त तक विश्व जनसंख्या माह मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों के बीच में बढ़ती हुई जनसंख्या के दुष्परिणामों से अवगत कराना है। आज की परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि हम विकराल रूप ले चूकी जनसंख्या वृद्धी को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कदम उठावे। इसके लिये शासन द्वारा अनेक प्रकार की परिवार नियोजन कार्यक्रमों, योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जनसंख्या को स्थिर करने के लिये चार महत्वपूर्ण कारक है, जिनके बारे में हमे दम्पत्तियों को एवं अन्य लोगो को जानकारी प्रदान करना है। जैसा कि आप सभी को विदित ही है कि, परिवार नियोजन यूनिवर्सल हेल्थ केयर प्राप्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारा प्रदेश भी जनसख्या स्थिरीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुंच जन समुदाय को ना होने के कारण अवांछित गर्भधारण में वृद्धि के कारण मातृ मृत्यु दर, स्वास्थ्य सबंधी जटिलताएं एवं नवजात के स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। परिवार नियोजन की सेवायें मुख्य रूप से आधुनिक लघुकालीन और दीर्घकालीन गर्भनिरोधकों, स्थायी परिवार नियोजन साधनों, सूचना, परामर्श और सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान (डब्ल्यूपीडी) 2025 (11 जुलाई से 11 अगस्त तक) के दौरान जन समुदाय में जागरुकता बढ़ाने, नवाचारों के माध्यम से परिवार नियोजन के महत्व पर व्यापक प्रचार-प्रसार व सेवाप्रदायगी के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम को सार्थक किया जा सकता है। विश्व जनसंख्या माह अन्तर्गत व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सभी चिन्हित लक्ष्य दंपत्तियो से संपर्क कर उन्हे प्रेरित करना दंपत्तियों के जनता के मध्य परिवार नियोजन के साधनों के विषय में जानकारी प्रदाय की जाने की सुविधा जिसमे वे अपनी पसंद का साधन का उपयोग कर सके। आज की परिस्थितियों मे यह आवश्यक है कि हम विकराल रूप ले चुकी जनसंख्या वृद्धी को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कदम उठावे। इसके लिये शासन द्वारा अनेक प्रकार की परिवार नियोजन कार्यक्रमों, योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जन संख्या को स्थिर करने के लिये चार महत्वपूर्ण कारक है, जिनके बारे में हमे दम्पत्तियों को एवं अन्य लोगो को जानकारी प्रदान करना है। विश्व जनसंख्या दिवस अभियान के दौरान जन समुदाय में जागरूकता बढ़ाने, नवाचारों के माध्यम से परिवार नियोजन के महत्व पर व्यापक प्रचार-प्रसार व सेवाप्रदायगी के माध्यम से परिवार कल्याण कार्यक्रम को सार्थक किया जा सकता है।

### मैदान पर लौटी उज्जैन की फुटबॉल की गरिमा

**उज्जैन।** महेंद्र चतुर्वेदी मेमोरियल फुटबॉल चैम्पियनशिप के अंतर्गत जिला फुटबॉल संघ (डीएफए) उज्जैन द्वारा तीन शानदार फुटबॉल मुकाबलों का आयोजन किया गया, जिन्हें देखने के लिए 2000 से अधिक दर्शक मैदान में उपस्थित रहे। पहला मुकाबला मसीह फुटबॉल क्लब और उज्जैन फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया, जिसमें मसीह क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। इस मैच में रविंद्र चौहान द्वारा किया गया गोल दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। दूसरे मैच में साईं फुटबॉल क्लब उज्जैन और बड़नगर फुटबॉल क्लब आमने-सामने थे। इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में बड़नगर क्लब ने 3-1 से जीत हासिल की। साईं क्लब ने भी अच्छा खेल दिखाया, परन्तु कई अच्छे अवसर चूक गए। तीसरा मुकाबला उज्जैन फुटबॉल कोचिंग सेंटर और सोहनदास क्लब के बीच खेला गया, जो दिन का सबसे कठिन और रोमांचक मैच रहा। इस मुकाबले में उज्जैन फुटबॉल कोचिंग सेंटर ने 2-0 से जीत दर्ज की। इस मैच में उज्जैन फुटबॉल कोचिंग सेंटर की ओर से गौरव परब एवं विनीत सिंह सिकरवार ने बेहतरीन गोल किए। टीम में विनीत, डेनियल, अभिषेक कुशवाह, पार्थ रैना, रदर डेविड जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल थे। वहीं दूसरी टीम सोहनदास क्लब की ओर से अयुष खोड़े, विजय खरे, किन्ना, सुमित और धनराज जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि उज्जैन फुटबॉल की पुरानी सुनहरी यादें पुनः जीवित हो उठीं जब मंच पर वरिष्ठ खिलाड़ी व खेल प्रेमी विली विलफ्रेड, चौहान, हरिश पवार, रायसर, निंबालकर दादा, संजय, शरद, शैलू कप्तान, नरू कप्तान, पप्पू पठान उपस्थित रहे। साथ ही डीएफए से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी अर्पित यादव, देवव्रत यादव अध्यक्ष डीएफए उज्जैन, एवं विजय उशारिया उपाध्यक्ष एमपीएफए की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को गौरवान्वित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देशभर में पुल निर्माण के लिए प्रसिद्ध महिला इंजीनियर शोभा खन्ना थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में रॉबिन चोपड़ा एवं अर्जुन राठौर उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता न केवल उज्जैन की फुटबॉल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि शहर की खोई हुई फुटबॉल की गरिमा को भी पुनः स्थापित कर रही है।



### कारगिल विजय दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता

**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस सप्ताह के अंतर्गत 7 अगस्त को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एन.सी.सी.कैडेट्स व विद्यार्थियों द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के पोस्टर बनाए गए। एन.सी.सी.कैडेट्स व विद्यार्थियों ने बड़ी खूबसूरती से अपनी कला का प्रदर्शन किया। एन.सी.सी.कैडेट्स व विद्यार्थियों के मध्य परिचर्चा कर कारगिल विजय दिवस सप्ताह के अंतर्गत शहीदों की वीर गाथाओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिश व्यास ने कहा देश 26वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है, जो भारतीय सेना के साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। प्राचार्य डॉ. हरिश व्यास ने कहा इस दिन को मनाने का उद्देश्य ना सिर्फ शहीदों को श्रद्धांजलि देना है, बल्कि देशभक्ति की भावना को मजबूत करना भी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकार डॉ. आर. के. तिवारी व समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित था। यह आयोजन एन.सी.सी. अधिकार डॉ. प्रमिला बघेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

### पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प

**उज्जैन।** उज्जैन शहर स्वच्छता अभियान को लेकर एक रोल मॉडल के रूप में सामने आया है सुपर स्वच्छता लीग के अंतर्गत उज्जैन शहर को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ है। जो कि उज्जैन शहर के लिए सम्मान की बात है हम सभी शहरवासियों का दायित्व बनता है कि उज्जैन शहर की स्वच्छता का प्रथम स्थान बना रहे इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इसी तारतम्य में में गुरुवार को ग्रांड होटल पर शहर के पॉलीथिन व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल एवं संजेश गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम उपायुक्त संजेश गुप्ता एवं योगेंद्र सिंह पटेल ने व्यापारियों से कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने हेतु पॉलीथिन का उपयोग पूर्णतया प्रतिबंध करना आवश्यक है। इसके लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है। पॉलीथिन का उपयोग करने से कई दुष्परिणाम देखने को मिलते हैं, पॉलीथिन सालों तक नष्ट नहीं होती है। उपायुक्त पटेल ने चर्चा के दौरान बताया गया कि नगर पालिक निगम द्वारा सभी प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक एवं उनसे बने उत्पादों तथा अमानक पॉलीथिन के क्रय विक्रय, उपयोग एवं भंडारण को पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, कालूराम सोलंकी, पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से एचएस शर्मा उपस्थित रहे।

### अजाक्स संगठन 12 को करेगा पौधारोपण

**उज्जैन।** अजाक्स संगठन द्वारा 12 अगस्त को पौधारोपण कार्यक्रम किया जाएगा। जिसको लेकर संगठन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। जिला अध्यक्ष डॉक्टर आर एल परमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोठी पैलेस स्थित अजाक्स कार्यालय पर संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इकट्ठे होंगे। 12 अगस्त मंगलवार को सुबह 7:00 बजे कोठी पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा जिसके बाद बगीचे में पौधारोपण कार्यक्रम होगा।

# सिंहस्थ में बचे तीन साल, नवागत कमिश्नर ने कलेक्टर के साथ जाने शहर के हाल

## नगर निगम में आयुक्त पद पर ज्वाइन करने के बाद अभिलाष मिश्रा का यह पहला दौरा, कोयला फाटक से छत्री चौक चौड़ीकरण का निरीक्षण किया

**कलेक्टर रोशन सिंह, नवागत नगर निगमायुक्त**

**अभिलाष मिश्रा ने जानी निर्माण कार्यों की गतिविधियां**





**उज्जैन। महाकाल की नगरी में महाकुंभ 2028 की तैयारी यूं तो युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गई है। वहीं शहर भर में निर्माण कार्य जारी है और इसी बीच में चल रहे चौड़ीकरण कार्य के दौरान ही तेज** बारिश भी आ गयी। जिससे परेशानी और बढ़ गयी। बावजूद **इसके बड़े निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने की चुनौतियां हैं। मात्र 3 साल बचे हैं ऐसे में अभी दो बारिश और होना है। ऐसे में काम प्रभावित होगा। नवागत नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के साथ निर्माण कार्यों का अवलोकन किया।**

दरअसल उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह नगर निगम में स्वयं आयुक्त रह चुके हैं। ऐसे में उन्हें शहर की भौगोलिक जानकारियां बखूबी तौर पर है। साथ ही अब वे उज्जैन के कलेक्टर है। ऐसे में उनके नेतृत्व में सारे विभाग सिंहस्थ के कार्य करने में जुटे हुए हैं। यही कारण है कि उज्जैन के नगर निगम कमिश्नर पद पर ज्वाइन करने के बाद अभिलाष मिश्रा का यह पहला दौरा कलेक्टर के साथ हुआ ताकि उन्हें हर कार्य की बारीकी से जल्द समझ हो सके।

धार्मिक राजधानी कहे जाने वाले उज्जैन नगर में आठ वार और नो-त्यौहार वाली कहावत चरितार्थ होती है, धार्मिक आयोजन, रैली, जुलूस, शोभा यात्रा का आयोजन होता है, महाकाल मंदिर से लगाकर उज्जैन के हर देवालय शिवालय में आध्यात्मिक गतिविधियां होती है। ऐसे में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन को चाक चौबंद व्यवस्थाएं करना होती है। इधर धार्मिक शहर होने के साथ ही अब यह सीएम सिटी भी हो चुकी है यानी कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का गृह नगर उज्जैन है। ऐसे में उनके भी वीआईपी दौरे आए दिन होते रहते हैं। इसके साथ ही सिंहस्थ के कार्यों को भी युद्ध स्तर पर संचालित करना बेहद जरूरी है। समय कम बचा है काम ज्यादा है। ऐसे में नगर निगम आयुक्त के पद पर ज्वाइन करने वाले अभिलाष मिश्रा पर काफी चुनौतियां हैं। बड़ी जिम्मेदारी है और गंभीरता के साथ उन्हें सारी योजनाओं को समझ कर क्रियाकलापों को क्रियान्वित करना पड़ेगा, वरना समय बीतने के साथ ही समस्या भी बढ़ती जाएगी।

### कोयला फाटक से शुरू हुआ दौरा, बारिश की बाधा आ रही

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के द्वारा गुरुवार दोपहर सिंहस्थ 2028 अंतर्गत नगर निगम द्वारा किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सिंह और नगर निगम आयुक्त मिश्रा ने कोयला फाटक से निरीक्षण प्रारंभ किया। सिंहस्थ के मद्देनजर कोयला फाटक से लेकर कंठाल छत्री चौक गोपाल मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। जिसका अवलोकन कलेक्टर और निगम आयुक्त द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और नगर निगम ने रहवासियों से चर्चा कर उनके सुझाव लिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए की जहां भी बारिश की बाधा न हो वहां पर निर्माण कार्य तीव्र गति से किए जाएं। मार्ग चौड़ीकरण के दौरान पेयजल पाइप लाइन, सीवर लाईन, फुटपाथ निर्माण कार्य शीघ्रता से किए जाएं। कार्य के दौरान यह विशेष रूप से ध्यान दिया जाए की मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान रहवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम को सतत मॉनीटरिंग कर सीवेज का कार्य तुरंत करने के निर्देश दिए जिससे रहवासियों को परेशानी न हो। इसके पश्चात कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त मिश्रा ने निर्माणरत चंदेसरी मार्ग का निरीक्षण किया और मार्ग निर्माण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जमीन विवाद में हत्या करने वाले पिता-पुत्रों को भेजा जेल

## 3 अगस्त को ग्राम आमातलाई में हुई थी हत्या

**उज्जैन।** जमीन विवाद में 3 अगस्त को महिदपुर के ग्राम आमातलाई में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के बड़े भाई और उसके 2 पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। हत्या में मुख्य आरोपी की पत्नी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

महिदपुर थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार ने बताया कि 3 अगस्त की शाम ग्राम आमातलाई ढाबाला वैणी में भूरालाल पिता डालू बंजारा 40 साल की हत्या हो गई है। चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद किया था। वहीं मृतक के पुत्र ने मजदूरी से लौटने के बाद पिता की हत्या का मामला दर्ज कराकर हत्या में पिता के बड़े भाई प्रकाश बंजारा, उसके 2 पुत्र पप्पू बंजारा, पवन बंजारा और पत्नी कलाबाई शामिल होने की बात कहीं थी। पुत्र ने जमीन बंटवारे और रुपए के लेनदेन का विवाद होना बताया था। पुलिस ने मामले में चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 3 दिन बाद सूचना मिलने पर प्रकाश उसके दोनों पुत्रों को कटन तिराहा से हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में तीनों ने सब्बल, पत्थर और डंडे से हमला कर हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने हथियार बरामद कर तीनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में हत्या के मुख्य आरोपी प्रकाश बंजारा की पत्नी है, जिसकी तलाश जारी है।

### 73 साल के बुजुर्ग ने खाई सल्फास, मौत

उज्जैन। तराना तहसील के ग्राम बगेरा में रहने वाले 73 साल के गंगाराम पिता गोदाजी को परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। गंगाराम को तराना अस्पताल से रैफर किया गया था। चरक अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी एएसआई नारायणसिंह पाल ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि गेहूं में रखने वाली सल्फास की गोलियां खाई थीं। परिजनों का यह भी कहना था कि गंगाराम ने अपने पोते को दिनभर मोबाइल चलाने पर डांटा था और मोबाइल छीन लिया था। जिस पर पोते से उनकी कहासुनी हुई थी। जिसके बाद से वह डिप्रेशन में चले गये थे। संभवतः इसी डिप्रेशन में उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया है। चौकी एएसआई का कहना था कि मामला जांच के लिये तराना थाना पुलिस को भेजा जायेगा।

# महापौर ने विभिन्न वार्डों के स्कूलों में विद्यार्थियों से किया स्वच्छता पर संवाद

**उज्जैन। सुपर स्वच्छता लीग में उज्जैन शहर के प्रथम आने की उपलब्धि को निरंतर बनाए रखने हेतु शहर के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्वच्छता का क्लब बनाया जाएगा। ताकि विद्यार्थियों के साथ स्वच्छता की गतिविधियां करते हुए प्रत्येक घर, गली, मोहल्ले में स्वच्छता की अलख जगाई जाएगी जा सके ताकि हमारे उज्जैन शहर के नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो। यह बात महापौर मुकेश टटवाल द्वारा गुरुवार को वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 में स्थित शासकीय स्कूलों में पहुंचकर बच्चों के साथ स्वच्छता को लेकर संवाद करते हुए कहीं गई।**

स्वच्छता संवाद कार्यक्रम के तहत महापौर ने वार्ड क्रमांक 01 स्थित सांदीपनि विद्यालय शासकीय जीवाजीगंज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या शासकीय विद्यालय सिद्धवट भैरवगढ़ रोड एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खिलचीपुर पर पार्षद हेमंत गहलोत, पंकज चौधरी एवं पार्षद प्रतिनिधि परमानंद मालवीय के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर बच्चों को स्वच्छता के विषय के बारे में जानकारी दी गई कि हमारा उज्जैन सुपर स्वच्छता लीग में 3 से 10 लाख की जनसंख्या में प्रथम आया है। शहर की स्वच्छता को इसी प्रकार बनाए रखना है इसके लिए स्वच्छता के जो मापदंड है उनका पूर्ण रूप से पालन करना है। अलग-अलग डस्टबिन रखते हुए गीला एवं सूखा कचरा वार्ड में आने क़ालिबकचरा गाड़ी में ही देना है, आप सभी विद्यार्थी अपने घर परिवार जनों को शहर की स्वच्छता के बारे में बताएं खुले में कोई कचरा ना डालें यह समझाइश आप सभी बच्चों को देना है। इस दौरान महापौर द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने हेतु कहा गया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य शशि कुमार बोर काखड़िया, आरती अग्रवाल एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

### बेलगाम चालक : यात्रियों को जोखिम में डाल चल रहे रिक्शा

उज्जैन। शहर में ई-रिक्शा की संख्या क्षमता से अधिक हो चुकी है। चालक लापरवही पूर्वक चलाकर यात्रियों की जान भी जोखिम में डाल रहे है। ऐसा ही एक मामला सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें चालक रिक्शा की छत पर सवारी बैठाकर दौड़ा रहा था। यातायात पुलिस ने वीडियो सामने आने पर चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। यातायात डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि चामुंडा माता चौराहा के समीप एक ई-रिक्शा चालक द्वारा क्षमता से अधिक सवारी बैठाने के साथ रिक्शा की छत पर सवारी बैठाकर लापरवाही पूर्वक चला रहा था। जिसका वीडियो कुछ युवकों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। एसपी प्रदीप शर्मा के संज्ञान में वीडियो आया तो उन्होंने कार्रवाई के निर्देश जारी किये। वीडियो के आधार पर चालक की तलाश की गई और उसे बुधवार को पकड़ा गया। रिक्शा क्रमांक एमपी 13 जेवी 2631 को जब्त किया गया और रिक्शा को ओवरलोडिंग, खतरनाक संचालन के साथ यात्री की जान जोखिम में डालने के मामले में मोटरयान अधिनियम की धारा 1988 की धारा 184 में चालानी कार्रवाई करते डेढ़ हजार का जुर्माना वसूल किया। डीएसपी के अनुसार चालक को मौखिक चेतावनी देकर यातायात नियमों की गंभीरता के बारे में समझाइश दी गई।

# बोन एंड ज्वॉइंट वीक अंतर्गत ओस्टियोपोरोसिस पर कार्यक्रम संपन्न



**उज्जैन।** अगस्त मध्यप्रदेश के उज्जैन में चल रही बोन एंड जॉइंट वीक अंतर्गत आज ऑस्टियोपोरोसिस ऑर्थोपेडिक सोसाइटी के सदस्य एवं वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. महेश मरमट एवं डॉ. कौस्तुभ शिंदे ने बोन एंड ज्वॉइंट वीक के अंतर्गत ओस्टियोपोरोसिस की रोकथाम एवं उपचार विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि वृद्धावस्था में अस्थियां कमजोर होने के कारण अस्थिभंगुरता (ओस्टियोपोरोसिस) एवं फ्रैक्चर जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। इन समस्याओं की गंभीरता, बचाव और उपचार से संबंधित संपूर्ण जानकारी विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सरल और प्रभावी रूप से दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं के समाधान भी प्राप्त किए। इस आयोजन में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। संचालन डॉ. जितेन्द्र भटनागर द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर एनएस राठौर ने किया।

# कॉबिंग गश्त : रातभर में पुलिस ने तामिल कराए गए 240 वारंट





**उज्जैन। जिले में आगामी त्योहारों और बाबा महाकाल की राजसी शाही सवारी को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था को बनाये रखने और सुरक्षा को पुख्ता करने के उद्देश्य से बुधवार-गुरुवार रात 1 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों और जवानों ने कॉबिंग गश्त की। 240 वारंट तामिल कराये गये। कुछ वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट में कार्रवाई की गई।**

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देशन में जिले में बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे जिले के एक हजार पुलिस अधिकारी और जवानों ने कॉबिंग गश्त की शुरुआत की। जो अलसुबह तक जारी रही। इस दौरान पूरे जिले में पुलिस ने हिस्ट्रीशिटर बदमाशों को चैक किया। वहीं लंबे समय से कोर्ट पेशी पर नहीं जाने के चलते न्यायालय से जारी हुए स्थायी वारंट और गिरफ्तार वारंटियों की तलाश की गई। जिसमें पूरे जिले में 101 स्थाई वारंट और 139 गिरफ्तार वारंट तामिल कराकर उन्हे हिरासत में लिया गया। कॉबिंग गश्त के दौरान एसपी प्रदीप शर्मा खुद रात में सड़को पर निकले और गश्त में शामिल पुलिस कर्मियों को दिशा निर्देश जारी किये। उन्होंने खुद प्रमुख मार्गों और चौराहों पर लगे पाइंटों पर खड़े रहकर संदिग्धों से पूछताछ की। गश्त के दौरान 3 युवकों को अवैध हथियार के साथ पकड़ा गया। वहीं 3 चालकों के खिलाफ नियम विरुद्ध वाहन चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की। एसपी ने बताया कि जिले में अपराधों पर अंकुश बनाने और आमलोगों को भय मुक्त रखने के लिये पुलिस सभी प्रयास कर रही है। कॉबिंग गश्त उसकी का एक हिस्सा है।

**9 अगस्त को राखी** — रक्षाबंधन पर्व पर पुजारी परिवार के द्वारा पूजन-अर्चन कर भगवान को बांधी जाएगी

# उज्जैन के बड़े गणेश की देश-विदेश में बहनें, अब डाक से आने लगीं राखियां

नवभारत न्यूज



**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन के बड़े गणेश की देश-विदेश में बहनें रहती है। उन्होंने रक्षाबंधन पर अपने भाई गणेश जी के लिए राखियां भेजना शुरू कर दी है। ये राखियां डाक से मंदिर व पुजारी परिवार के घर पर पहुंच रही हैं। 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के दौरान पुजारी परिवार के लोग इन राखियों को एक साथ रखकर पूजन करेंगे और भगवान गणेश जी को उनकी बहनों की ओर से बांधेंगे। दरअसल उज्जैन के बड़े गणेश जी को अनेकों परिवार की महिलाओं ने अपना भाई मान रखा है और उसी मान से वे हर वर्ष रक्षाबंधन पर्व पर पुजारी को अपनी ओर से राखियां भेजती हैं। इन राखियों को बकायदा पूजन कर रक्षाबंधन पर्व के दौरान भगवान को बांधा जाता है। बड़े मंदिर के पुजारी, पंचांगकर्ता एवं ज्योतिषाचार्य पं. आनंद शंकर व्यास ने बताया कि देश-विदेश में रहे भक्त परिवार की महिलाएं गणेश जी को इस विश्वास से भाई मानकर राखियां भेजती हैं कि वे उन्हें सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

### अमेरिका, सिंगापुर तक से आईं राखियां, सोने की राखी भी आई

पुजारी पं. व्यास ने बताया कि बेंगलुरु, जयपुर, मुंबई, इंदौर, भोपाल सहित देश के अनेक राज्यों से तो राखियां आई ही है। लेकिन अमेरिका, सिंगापुर और हांगकांग तक से राखी प्राप्त हुई है। उनके घर के पते पर यह राखियां डाक से भेजी गई है। जिन्हें एकत्रित कर रक्षाबंधन पर्व पर बांधने के लिए रख दिया गया है। बड़े गणेश जी की एक बहन राजकुमारी जैन जो कि मुंबई में रहती है। उन्होंने सोने की गिन्नी लगी राखी विशेष रूप से भेजी है। जिसे रक्षाबंधन पर भगवान गणेश को अर्पित की जाएगी। गणेश जी के साथ रिद्धि, सिद्धि को भी राखियां बांधी जाएगी।

### रक्षाबंधन पर्व पर ब्राह्मण बदलेंगे जनेऊ

रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर ब्राह्मण जन परंपरा अनुसार जनेऊ बदलेंगे। उसके पूर्व शिप्रा के रामघाट से लेकर सिद्धवट घाट तक ब्राह्मणों के समूह का श्रावणी उपाकर्म संपन्न होगा। सिंहपुरी, कार्तिक चौक, भागसीपुरा सहित अनेक क्षेत्रों के ब्राह्मण श्रावणी कर नई जनेऊ धारण करेंगे। तीर्थ पुरोहित एवं ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि वर्ष भर के दौरान जाने अनजाने में हुए पापों का प्रायश्चित करने के लिए रक्षाबंधन पर्व पर ब्राह्मण जन शिप्रा के किनारे दस विधि स्नान कर शुद्धिकरण करेंगे। विदित हो कि इस प्रकार के आयोजन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयोजित किए जाएंगे। जिसमें शिप्रा के घाटों सहित चंबल नदी के तट पर भी जनेऊ बदली जाएगी।